# 19

# शाला के त्यौहार

E4ZCVR

आज 14 नवंबर है, सारा देश बाल दिवस मना रहा है। आज पुनिया की शाला में बहुत चहल–पहल है। शाला में अच्छी सजावट की गई है। कल शाम को ही रंगीन कागजों की तोरण लगा दी गई। आज मंच पर एक जगह नेहरू जी की तस्वीर रखी गई। कार्यक्रम के लिए बच्चे तरह–तरह की तैयारी कर रहे हैं। कोई कविता की तो कोई गीत की। पुनिया और उसके साथियों ने भी एक नाटक तैयार किया है। नाटक में भाग लेने वाले सभी बच्चे मुखौटा पहनकर तैयार हैं। आज के कार्यक्रम में गाँव के सरपंच मुख्य अतिथि के रूप में आने वाले हैं। सभी बच्चे कार्यक्रम शुरु होने का इन्तजार कर रहे हैं।

मुख्य अतिथि के आते ही सभी बच्चों ने उनका स्वागत किया। सरपंच साहब ने चाचा नेहरू के चित्र को माला पहनाई और कार्यक्रम शुरू हुआ। कविता, गीत और भाषण के बाद अब नाटक की बारी आई। नाटक का नाम था 'हमें बचाओ'। मंच पर पेड़–पौधे लगाकर जंगल बनाया गया था। पुनिया शेर का मुखौटा पहनकर एक बड़े आसन पर बैठी थी। कुन्ती ने चिड़िया का सोनिया ने मोर का और छोटू ने बंदर का मुखौटा पहन रखा था। बंशी कछुआ बना था। मुनिया ने हिरनी का मुखौटा पहना था। गोलू हाथी बना सूँड हिला रहा था। चपलू ने खरगोश का मुखौटा पहन रखा था।

(पर्दा खुलता है)



बंदर और मोर (एक साथ) – शेर दादा, शेर दादा, हम बड़ी आफत में हैं, हमारी रक्षा करो।

शेर दादा –क्या बात है, तुम लोग इतने घबराए हुए क्यों हो?

इस बार कछुआ बोला – शहर से कुछ लोग आए हैं जो जंगल में गड़बड़ी फैला रहे हैं।

हाथी – वे लोग दिन में तो इधर–उधर घूमते हैं और रात को पेड़ काटते हैं।

चिड़िया – इससे हमारे घोंसले टूट जाते हैं और अण्डे गिरकर फूट जाते हैं।

हिरनी – मैं भी कल तालाब पर गई थी। वहाँ मछलियाँ भी बहुत दुःखी हैं। कोई आदमी जाल डालकर उसमें बहुत सी मछलियाँ फँसाकर ले जाता है।

खरगोश – डरो नहीं! मैंने उन लोगों से कहा है कि जब हम उनका नुकसान नहीं करते हैं तो वे हमें क्यों परेशान कर रहे हैं?

सभी जानवर एक साथ – (खड़े होकर) महाराज, हमें बचाओ, जंगल उजड़ गया तो हम कहाँ जाएंगे।

(पर्दा गिरता है।)

सभी लोगों ने ताली बजाई। मुख्य अतिथि ने चाचा नेहरू के जीवन की बातें बताईं। अन्त में सभी बच्चों को मिठाई बाँटी गई।

पुनिया की शाला में तो बाल दिवस इतनी धूमधाम और तैयारी से मनाया गया। तुम्हारे विद्यालय में कौन–कौन से त्यौहार मनाए जाते हैं? लिखो –

1. ___________________ 4. ___________________

2. ___________________ 5. ___________________

3. ___________________ 6. ___________________

## हमने क्या सीखा

### मौखिक

1. पुनिया की शाला में 14 नवम्बर को मुख्य अतिथि कौन थे?
2. बाल दिवस कब मनाया जाता है?

3. बच्चों ने कार्यक्रम के लिए क्या–क्या तैयारियाँ की?
4. नाटक का क्या नाम था?
5. खरगोश ने शहर से आये लोगों को क्या समझाया?
6. शहर से आए लोगों ने जंगल को क्या नुकसान पहुँचाया?

## लिखित

1. छत्तीसगढ़ का स्थापना दिवस कब मनाते हैं?
2. तुम्हारी शाला में पिछले साल कौन–कौन से कार्यक्रम हुए? लिखो।
3. नाटक में कौन क्या बना था? नीचे तालिका में भरो –

| छात्र/छात्रा का नाम | पात्र का नाम | छात्र/छात्रा का नाम | पात्र का नाम |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

## खोजो आस–पास

1. अपनी कक्षा को सजाने के लिए तुम क्या–क्या करोगे?
2. गाँव के सरपंच व अन्य लोग तुम्हारी शाला में कब–कब आते हैं?
3. कोई कहानी चुन कर अपने साथियों के साथ उस पर कोई नाटक खेलो।
4. बच्चों से सम्बन्धित नेहरू जी के संस्मरणों को इकट्ठा करो और कक्षा में सुनाओ।

E577YB